प्रभात खबर

बीरभूम में नकली नोटों के कारोबार का हुआ भंडाफोड़ ,पांच सौ के तीस नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार

बीरभूम, मुकेश तिवारी : पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में **अवैध विस्फोटक** (illegal explosives) और अवैध हथियारों की बरामदगी की घटना का मामला अभी तक पूरी तरह से थमा नहीं था. इस बीच अब जिले में नकली नोटों के अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ है. जिले के ग्रामीण बाजारों में नकली नोटों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस मुहिम छेड़ दी है. इसी बीच जिले के मल्लारपुर थाना पुलिस ने मल्लारपुर के बीरचंद्रपुर बाजार इलाके से शेख ताजमुल नाम के एक युवक को 500 रुपये के 30 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि पुलिस ने स्थानीय जाबुनी गांव से शेख पियारुल नाम के नकली नोट कारोबारी को पहले ही गिरफ्तार किया था.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/west-bengal/asansol/fake-currency-trade-busted-in-birbhum-snk